# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई – मेल :– **registrarsnpv@gmail.com**, वेबसाईट :– **https://snpv.ac.in**


क्रमाँक 2691 / परीक्षा–गोपनीय / 2022 रायगढ़, दिनाँक 25.03.2022

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
जिला–रायगढ़ एवं जाँजगीर–चाँपा (छ.ग.)

विषय : प्रायोगिक परीक्षा – 2022 में अनुपस्थित छात्र / छात्राओं के प्रायोगिक परीक्षा हेतु अनुमति के संबंध में।

विषयांतर्गत शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रायोगिक विषयों की प्रायोगिक परीक्षाएं दिनांक 26.03.2022 से 09.04.2022 तक संपन्न कराये जाने निर्देश दिये गये हैं एवं प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि एवं समय की जानकारी आदि के संबंध में परीक्षार्थियों को अनिवार्यतः सूचित करने के निर्देश भी दिये गये हैं, ताकि सभी परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हो सकें।

सत्र 2021–22 की प्रायोगिक विषयों का चयन करने वाले परीक्षार्थियों को सूचित किया गया था कि प्रायोगिक परीक्षा में महाविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय में अनिवार्यतः सम्मिलित होवें।

यदि आपके महाविद्यालय में किसी प्रायोगिक विषय की प्रायोगिक परीक्षा में तिथि एवं समय पर कोई परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा / रही है, तो संबंधित छात्र / छात्रा का संलग्न प्रारूप में विधिवत् आवश्यक जानकारी एवं प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाने / अनुपस्थित रहने का स्पष्ट कारण का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग को अग्रेषित करने एवं छात्र / छात्रा द्वारा जिस महाविद्यालय में संबंधित विषय की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न होना शेष है, उस महाविद्यालय से सहमति प्राप्त कर विश्वविद्यालय के प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र परिवर्तन शुल्क रू. 350 / – (तीन सौ पचास) छात्र लॉगिन में जाकर ऑनलाईन माध्यम से जमा करने के पश्चात् ही सहमति प्रदान करने वाले महाविद्यालयों में संबंधित विषय की प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जावेगी।

जिन परीक्षार्थियों की जानकारी विश्वविद्यालय पोर्टल से डाउनलोड किये गये ऑनलाईन उपस्थिति पत्रक एवं पर्ण / प्रतिपर्ण **(FOIL/COUNTER FOIL)** में दर्ज नहीं है अथवा किसी अन्य कारण महाविद्यालय के छात्र / छात्राओं को आपके महाविद्यालय में सम्मिलित किया गया हो तो ऐसे परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाईन प्रारूप के अनुसार ही पृथक से उपस्थिति पत्रक एवं पर्ण / प्रतिपर्ण तैयार कर प्रक्रिया पूर्ण करावें एवं **USER ID/ROLL No./ENROLLMENT NO.** का सुस्पष्ट उल्लेख करें। बाह्य परीक्षक, आंतरिक परीक्षक एवं प्राचार्य के हस्ताक्षरोपरांत सीलबंद लिफाफे में विशेष वाहक के हस्ते विश्वविद्यालाय गोपनीय विभाग कक्ष में अनिवार्यतः जमा करेंगे।

प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि एवं समय की जानकारी के संबंध में परीक्षार्थियों को सूचना पटल / दूरभाष / एस.एम.एस. द्वारा अनिवार्यतः सूचित करें, ताकि सभी परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित

हो सकें। इस बात पर विशेष ध्यान रखे कि प्रायोगिक परीक्षा हेतु किसी अन्य महाविद्यालय के परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना सम्मिलित न करें अन्यथा ऐसे परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम रोक दिये जायेंगे / **WITHHELD** कर दिये जायेगे।

आदेशानुसार

प्रभारी कुलसचिव

पृ.क्रं. 2692 / परीक्षा—गोपनीय / 2022 रायगढ़, दिनाँक 25.03.2022

प्रतिलिपिः—

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. कार्यालय प्रति।

परीक्षा प्रभारी

प्रति,

उप कुलसचिव (परीक्षा)
शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

विषय – प्रायोगिक परीक्षा – 2022 में अनुपस्थित छात्र/छात्राओं के प्रायोगिक परीक्षा हेतु अनुमति के संबंध में।

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु. ............................................................................ पिता/पति श्री ................................................ अनुक्रमांक ............................ यूजर आई.डी. ............................ नियमित/स्वाध्यायी/भूतपूर्व/पूरक इस महाविद्यालय की कक्षा ............................................................ विषय .......................................................... की प्रायोगिक परीक्षा – 2022 में दिनांक .................................... को ................................................................................................................ के कारण अनुपस्थित रहा/रही है। कृपया उक्त छात्र/छात्रा को अन्य महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

प्राचार्य
महाविद्यालय की सील/मुहर

---

–:: सहमति पत्र ::–

प्रमाणित किया जाता है कि इस महाविद्यालय में कक्षा ............................................................ विषय .......................................................... की प्रायोगिक परीक्षा – 2022 में दिनांक .................................... को सम्पन्न होना प्रस्तावित है। छात्र/छात्रा श्री/श्रीमती/कु. .......................................................... अनुक्रमांक ........................................ यूजर आई.डी. .................................................. को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित करने की सहमति प्रदान की जाती है। कृपया उक्त छात्र/छात्रा को अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें। निर्धारित प्रारूप अनुसार ही पृथक सीलबंद लिफाफे में उपस्थिति पत्रक एवं पर्ण/प्रतिपर्ण विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

प्राचार्य
महाविद्यालय की सील/मुहर

–:: अनुमति पत्र ::–

क्रमांक /प्रायोगिक/अनुमति/2022 रायगढ़ दिनांक ..................

छात्र/छात्रा श्री/श्रीमती/कु. ..........................................................................अनुक्रमांक ............................ यूजर आई.डी. ........................................ को आपके महाविद्यालय ............................................................ में कक्षा .............................. विषय .............................. की प्रायोगिक परीक्षा–2022 में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाती है।

उप कुलसचिव (परीक्षा)